www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , शनिवार,27 सितंबर 2025

## सुविचार



अपने मन को महान विचारों से पोषित करें, क्योंकि आप कभी भी उससे अधिक ऊंचा नहीं जा पाएंगे जितना आप सोचते हैं।
-बेंजामिन डिजरायली

## बरेली के प्रमुख समाचार

- बवाल की साजिश के पीछे कौन, पुलिस ने शुरू की जांच -II
- आई लव बरेली पुलिस, तोड़ेंगे नहीं, तब तक छोड़ेंगे नहीं-III
- निरीक्षण से नाराज शिक्षिका ने प्राचार्य पर लगाए आरोप-IV

# बवाल के बाद धड़ाधड़ गिरे दुकानों के शटर, बाजार में छाया सन्नाटा

## देखते-देखते इस्लामिया मार्केट, जिला पंचायत रोड, कुतुबखाना, कोहाड़ापीर, आलमगिरी गंज, कोतवाली रोड, शहामतगंज, सिविल लाइंस में दुकानें हुईं बंद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर में पूर्व में हुए दंगों में व्यापारियों ने भारी नुकसान झेला है। यही वजह रही कि शुक्रवार दोपहर बिहारीपुर पुलिस चौकी के पास, नौमहला मस्जिद, कोतवाली के आसपास, आजमनगर और शहामतगंज चौराहे के पास हुए बवाल के बाद शहर के व्यापारी डर गए। व्यापारियों को लगा कि कहीं पूर्व के दंगों जैसी स्थिति न हो जाए, इससे बचने के लिए जिला पंचायत रोड, इस्लामिया मार्केट, कुतुबखाना, कोहाड़ापीर, आलमगिरी गंज, कोतवाली रोड, इंदिरा मार्केट, घंटाघर, शहामतगंज, सिविल लाइंस आदि क्षेत्रों के बाजार बंद हो गए। कई जगहों पर दुकानों पर ग्राहक सामान खरीद रहे थे, लेकिन शहर के बिगड़ते हालात देख व्यापारियों ने शटर गिराने शुरू कर दिए।

जुमे की नमाज के बाद दोपहर करीब 2 बजे के बाद इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान में जुट रही भीड़ को रोकने के दौरान पुलिस पर पथराव और फायरिंग के बाद लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़े जाने से अचानक बाजार में भगदड़ मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। कुछ ही देर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इन दिनों त्योहार का सीजन है तो ग्राहकों की भीड़ दुकानों पर उमड़ी थी, लेकिन लाठी चार्ज का शोर सुनकर दुकानों को बंद करना पड़ा। कुछ ही देर में शहर के आधे से ज्यादा बाजारों में दुकानों के शटर गिर गए और सन्नाटा पसर गया। बाजार में दुकानदार इधर-उधर खड़े होकर बवाल को लेकर चर्चा करने लगे और बिगड़ते हालात से त्योहारी सीजन में कारोबार पर पड़ने वाले असर को लेकर चिंतित दिखे।

दुकानदारों के मन में भय घर करने लगा कि अगर अन्य दिनों में भी बवाल से जुड़ी कोई अप्रिय घटना होती है तो कारोबार को काफी हद तक झटका लगेगा। आलमगिरी गंज के सर्राफा कारोबारी विशाल मेहरोत्रा ने बताया कि दोपहर करीब दो बजे अचानक बवाल होने के दौरान दुकानों में बड़ी संख्या में ग्राहक थे, लेकिन अफरा-तफरी मचने से ग्राहकों को मजबूरन दुकान से बाहर कर दुकानें बंद करनी पड़ी। बवाल के कुछ देर तक तो व्यापारियों ने इंतजार किया कि शायद स्थिति सामान्य हो जाए, लेकिन स्थिति बेकाबू होते देख बाजार बंद कर वहां से बमुश्किल निकलना पड़ा। बताया कि बवाल के बाद आलमगीरी गंज, कोहाड़ापीर, गली आर्य समाज, कुतुबखाना और शहामतगंज समेत आधा शहर का बाजार व्यापारियों ने बंद कर दिया।



बबाल के बाद बाजार बंद होना शुरू हो गए। इंद्रा मार्केट में गिरे दुकानों के शटर। ● अमृत विचार



आलमगिरी गंज में बंद पड़ीं दुकानें। ● अमृत विचार

- **बोले व्यापारी, त्योहारी सीजन के समय में हुआ बवाल**
- **कारोबार होगा प्रभावित, जान बचाना हुआ मुश्किल**

### खलील तिराहे से हुई बवाल की शुरुआत

मौलाना तौकीर रजा ने गुरुवार की देर रात विरोध-प्रदर्शन वापस लेने का पत्र जारी किया था। इसके बावजूद प्रशासन सतर्क था। मौलाना तौकीर रजा ने शुक्रवार की सुबह फिर वीडियो जारी करके जुमे की नमाज के बाद इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान में पहुंचने का आह्वान कर दिया। इसके चलते नमाज के बाद भीड़ सड़कों पर उतरी। मस्जिदों से निकले लोग हाथों में तख्तियां और झंडे लिए नारेबाजी करते हुए इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान की ओर बढ़े। खलील तिराहे पर पुलिस ने रोका तो भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। दो बाइकें तोड़ दीं, एक दुकान में भी तोड़-फोड़ की। पुलिस-प्रशासनिक अफसरों ने बवालियों को समझाकर शांत करने की कोशिश की, लेकिन भीड़ उग्र होने लगी। खलील तिराहे से लेकर बिहारीपुर चौकी तक हालात बेकाबू हो गए। जिसे पुलिस अफसरों ने संभाला। पथराव के साथ फायरिंग होने पर पुलिस ने भी मोर्चा संभाला। पहले आंसू गैस के गोले छोड़े और फिर लाठीचार्ज कर दिया। सड़क पर चारों ओर चप्पलें, पत्थर और टूटे वाहनों के शीशे बिखरे पड़े थे।

## सिटी ब्रीफ

### सिलाई-कढ़ाई एवं इलेक्ट्रिशियन कोर्स के लिए 30 तक आवेदन

**सीबीगंज, अमृत विचार :** राजकीय महिला पॉलिटेक्निक की ओर से संचालित (सीडीटीपी) कम्यूनिटी डेवलपमेंट थ्रो पॉलिटेक्निक योजना के अंतर्गत सिलाई एवं कढ़ाई, इलेक्ट्रिशियन कोर्स में छह माह का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर निर्धारित की गइर है। प्रधानाचार्य नमिता वर्मा ने बताया कि इलेक्ट्रिशियन में पुरुष और महिलाओं दोनों के लिए 30 सीट और सिलाई एवं कढ़ाई में महिलाओं के लिए 30 सीट हैं। यह कोर्स 1 अक्टूबर से 31 मार्च 2026 तक आयोजित होंगे। इच्छुक युवक-युवतियां 30 सितंबर तक अपने आवेदन शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं फोटो के साथ संस्था में परियोजना अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर कर सकते हैं। इलेक्ट्रिशियन का कोर्स राजकीय महिला पॉलिटेक्निक कैंपस में सिलाई एवं कढ़ाई का कोर्स महेशपुर सीबीगंज में संचालित होंगे।

### डीएम ने राष्ट्रीय ग्राम आजीविका मिशन की समीक्षा की

**बरेली, अमृत विचार :** डीएम अविनाश ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एनआरएलएम की समीक्षा बैठक की। बैठक में निर्देश दिए कि पोर्टल में जो भी पेंडेंसी है, उसे शीघ्र समाप्त कराए। सीआईएफ में सी श्रेणी आयी है, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिए। समीक्षा में पाया कि अटल पेंशन योजना में बरेली की स्थिति पिछड़ी हुई है, जिस पर डीसी एनआरएलएम को सुधार लाने के निर्देश दिए। सीडीओ देवयानी ने अटल पेंशन योजना में दमखोदा, मीरगंज, क्यारा के गलत रिपोर्ट भेजने पर संबंधित बीएमएम पर कार्रवाई के निर्देश दिये।

### धान खरीद में किसी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए

**बरेली, अमृत विचार :** आरएमओ सचिन कुमार ने शुक्रवार को मंडल के सभी डिप्टी आरएमओ और क्रय एजेंसियों के प्रभारियों के साथ धान खरीद की समीक्षा बैठक की। इसमें उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि 1 अक्टूबर से शुरू होने वाली धान खरीद के दौरान किसानों को किसी तरह की असुविधा न हो। उन्होंने नमी कटौती मानक के अनुरूप करने ओर निर्धारित समय पर भुगतान करने के निर्देश दिए।

# एजेंडा जारी, नगर निगम बोर्ड बैठक 29 को होगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नगर निगम की बोर्ड बैठक 29 सितंबर को प्रस्तावित है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बैठक की सूचना चार दिन पूर्व ही जारी कर दी है। पार्षदों से 24 सितंबर तक अपने प्रस्ताव भेजने के लिए कहा गया था। वहीं, अब एजेंडा भी पार्षदों को जारी कर दिया गया है।

बैठक में शहर के विकास से जुड़े अहम मुद्दों पर गहन विचार विमर्श होगा। निगम के 80 पार्षद और नामित सदस्य इस बैठक में भाग लेंगे। पार्षद पूर्व में दिए गए प्रस्तावों की स्वीकृति के बाद भी कार्य आरंभ न होने से निगम अफसरों का घेराव कर सकते हैं। हैरत की बात ये है कि दो महीने से कम समय में निगम ने दूसरी बोर्ड बैठक की योजना बनाई है। बैठक में जिन महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा संभावित है उनमें मशहूर कथा वाचक राधेश्याम रामायणी के नाम पर एक चौराहे या मार्ग के नामकरण का प्रस्ताव, पार्कों के सौंदर्यीकरण, नए निर्माण और विकास योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। प्रधानमंत्री को जीएसटी दरों में कमी के लिए नगर निगम की ओर से धन्यवाद प्रस्ताव भी है। इस संबंध में मेयर डॉ. उमेश गौतम ने बताया कि सदन में इस बार शहर के विकास से जुड़े कई अहम प्रस्तावों पर चर्चा होगी।

- **नगर आयुक्त ने चार दिन पूर्व जारी की थी सूचना, पार्षदों को जारी किया एजेंडा**
- **दो महीने से कम समय में दूसरी बोर्ड बैठक के हंगामेदार होने की संभावना**

# रामायण वाटिका और कन्वेंशन सेंटर का पीपीपी मोड में संचालन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) शहर के पीलीभीत रोड पर नई टाउनशिप का सौगात देगा इसके साथ ही ग्रेटर बरेली और रामगंगा नगर आवासीय योजना में भी साइंस पार्क का निर्माण और रामायण वाटिका के संचालन को भी हरी झंडी मिल गई है। कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई बीडीए बोर्ड बैठक में नई टाउनशिप के विकास के साथ रामायण वाटिका और कन्वेंशन सेंटर का संचालन पीपीपी मोड पर देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। बोर्ड ने 18 मीटर चौड़ी सड़कों के किनारे के भूखंडों की नीलामी से बिक्री की भी स्वीकृति दे दी। इससे बीडीए के राजस्व में बढ़ोत्तरी के साथ ही आम जन को भी सहूलियत मिलेगी।

विकास प्राधिकरण की शुक्रवार को 92वीं बोर्ड बैठक हुई। बैठक में रामायण वाटिका, नाथ म्यूजियम एवं सेक्टर-आठ में साइंस पार्क के निर्माण समेत कई अन्य प्रस्तावों पर मंथन किया गया। सबसे पहले बीडीए की अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं के बाद अब पीलीभीत रोड पर प्रस्तावित नई टाउनशिप लाने की योजना को बोर्ड ने मंजूरी दे दी है। अफसरों ने दावा किया कि नई टाउनशिप रामगंगा नगर आवासीय योजना के बाद प्राधिकरण की दूसरी सबसे बड़ी योजना है, जो कि दिल्ली-लखनऊ बड़ा बाइपास व बरेली-पीलीभीत राजमार्ग से सटी हुई है। बीडीए की रामगंगा नगर आवासीय योजना की रामायण वाटिका, कन्वेंशन सेंटर, स्पोर्ट्स कांप्लेक्स को पीपीपी मोड पर संचालन के लिए भी स्वीकृति मिल गई है। बैठक के दौरान नाथ म्यूजियम और साइंस पार्क समेत कई अन्य परियोजनाओं का पीपीटी प्रजेंटेशन दिया गया। बैठक में बीडीए उपाध्यक्ष मनिकंडन ए., नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य समेत बोर्ड सदस्य उमेश कठेरिया, राजेश अग्रवाल, नवल किशोर मौर्य, शालिनी वर्मा, पूनम, पुष्पेंदु शर्मा व अन्य सदस्य रहे।



कमिश्नरी में आयोजित बीडीए बोर्ड की बैठक लेते मंडलायुक्त। ● अमृत विचार

- **कमिश्नरी सभागार में हुई बीडीए की बोर्ड बैठक, पीलीभीत रोड पर प्रस्तावित नई टाउनशिप समेत कई प्रस्तावों पर लगी मुहर**
- **तीन प्रस्तावित निर्माणों के ले आउट में भी किया गया आंशिक संशोधन 18 मीटर चौड़ी सड़कों के किनारे के प्लॉटों की बिक्री नीलामी से होगी**

### जोनल प्लान तैयार किया जाएगा

पूर्व में बीडीए की ओर से लागू किया गया यूपी प्राधिकरण भवन निर्माण व विकास उप विधियां-2025 व दर्श जोनिंग रेग्युलेशन-2025 को अंगीकृत किया गया। अब इसके आधार पर ही जोनल प्लान तैयार किया जाएगा। एक सेवानिवृत्त नायब तहसीलदार और तीन सेवानिवृत्त लेखपाल संविदा पर रखने की सहमति दी गई। इसके साथ ही नाथ म्यूजियम में ऑडियो वीडियो प्रजेंटेशन के माध्यम से नाथ नगरी का इतिहास भी लोग सुन व देख सकेंगे इस पर भी सहमति दी गई। रामगंगा नगर आवासीय योजना के सेक्टर आठ में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का साइंस पार्क एआई, रोबोट, स्पेस और मरीन लाइफ के बारे में रूबरू कराएगा।

> बैठक में पीलीभीत बायपास रोड पर प्रस्तावित नई टाउनशिप समेत कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। वहीं बोर्ड अध्यक्ष ने विकास कार्यों की प्रगति में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। **- मनिकंडन ए, उपाध्यक्ष बीडीए**

# डॉग एंबुलेंस से छह दिन में 50 से अधिक कुत्तों को लगाया टीका

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम ने कुत्तों के आतंक से बचाव के लिए डॉग एंबुलेंस संचालित की है। यह एंबुलेंस छह दिनों से शहर के अलग-अलग वार्डों में जा रही है। इसमें मौजूद स्टाफ कुत्तों को पकड़कर उनको प्रतिरक्षित कर रहा है। अब तक 50 से अधिक कुत्तों को टीका लगाया जा चुका है। वहीं अब वाहन बढ़ाने की योजना भी नगर निगम बना रहा है।

उप नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नैन सिंह के अनुसार एंबुलेंस की दो टीमें लगातार मोहल्लों में जाकर कुत्तों को प्रतिरक्षित कर रही हैं। सर्वाधिक आवारा कुत्तों के काटने के मामले सीबीगंज के बंडिया, राजेंद्र नगर, सुभाष नगर समेत करीब एक दर्जन से अधिक इलाकों से सामने आए थे जिसको लेकर पहले इन इलाकों में ही टीमों को लगाया गया है। जल्द ही वाहनों पर एक हेल्पलाइन नंबर भी चस्पा कराया जाएगा। जिससे माध्यम से लोग कुत्तों के झुंड की सूचना तत्काल नगर निगम को दे सकेंगे और वहां टीम भेजकर वहां कुत्तों का टीकाकरण कराया जाएगा। कुत्ते रैबीज के टीके से प्रतिरक्षित होंगे और किसी को काटेंगे तो संक्रमण फैलने की आशंका कम हो जाएगी।

- **नगर निगम ने कुत्तों से बचाव के लिए संचालित की है डॉग एंबुलेंस**

# अब सीएनजी वाहनों से उठेगा कूड़ा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर की हवा की गुणवत्ता को सुधारने में नगर निगम भी मददगार बनेगा। शहर के वार्डों में डोर - टू - डोर कूड़ा कलेक्शन में सीएनजी वाहनों का इस्तेमाल होगा। नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत नगर निगम वायु गुणवत्ता सुधार के लिए सीएनजी वाहनों की खरीद करने जा रहा है। इसकी कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। जल्द ही सीएनजी खरीदने के लिए टेंडर प्रक्रिया भी आरंभ की जाएगी।

नगर निगम के पर्यावरण अभियंता राजीव कुमार राठी ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत 50 नये सीएनजी ट्रिपर वाहनों की खरीद होगी। इसके लिए शासन ने करीब 12 करोड़ रुपये का बजट भी नगर निगम को जारी कर दिया है। इन वाहनों में गीला और सूखा कूड़ा घरों से एकत्र कर अलग-अलग रखा जाता है। वहीं विशेष बात ये है कि इन वाहनों से कूड़ा जमीन पर न डालकर सीधा प्लांट में डंप किया जाएगा। ये सभी वाहन सीएनजी होंगे, जिससे पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी। भविष्य में भी सफाई, निर्माण समेत अन्य कार्यों के लिए जो भी वाहन नगर निगम खरीदेगा। इसमें भी सीएनजी वाहनों को ही प्राथमिकता दी जाएगी।

- **नगर निगम तैयार कर रहा कार्य योजना, जल्द 12 करोड़ से खरीदे जाएंगे 50 सीएनजी ट्रिपर वाहन**
- **निगम ने ओपन टेंडर जारी करने की तैयारी की, वायु गुणवत्ता सुधार को लेकर हो रही है पहल**

### क्रय समिति की बैठक में ली जाएगी स्वीकृति

विभागीय अधिकारियों के अनुसार नये सीएनजी वाहनों के लिए डीएम की अध्यक्षता में होने वाली क्रय समिति की बैठक में ये प्रस्ताव को पेश कर स्वीकृति ली जाएगी। इसके बाद तत्काल वाहनों की खरीद के लिए ओपन टेंडर प्रक्रिया आरंभ होगी।

# दोनों उपकुलसचिवों के विभागों में बदलाव

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने कुलपति के आदेश पर दोनों उप कुलसचिवों के विभागों में बदलाव कर दिया है। कुलसचिव ने आदेश जारी किया कि एनईपी के सुचारू क्रियान्वयन, शोध, शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों के सुचारू संचालन के लिए उप कुलसचिव ममता सिंह को संबद्धता, प्रशासन आईजीआरएस, आरटीआई, विकास और विधि और उप कुलसचिव सुनीता यादव को परीक्षा, गोपनीय, सेल, सेंटर, निदेशालय, आरआईएफ, समर्थ पोर्टल और शैक्षणिक विभाग दिए गए हैं। इसमें मुख्य बदलाव परीक्षा विभाग का है, क्योंकि कुछ दिनों पहले विद्यार्थियों ने विरोध प्रदर्शन किया था।

# त्योहारों को लेकर रेलवे की तैयारी, बनेंगे होल्डिंग एरिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** त्योहारों के मौसम में स्टेशनों पर यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने तैयारी शुरू कर दी है। यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा को ध्यान में रखते हुए एनईआर के महाप्रबंधक ने तीनों मंडलों को निर्देश दिए हैं कि भीड़ नियंत्रण के लिए अतिरिक्त इंतजाम किए जाएं। इसी क्रम में मंडलों में दो रैक रिजर्व रखे जाएंगे ताकि किसी ट्रेन के लेट होने या भीड़ अधिक होने की स्थिति में तुरंत अतिरिक्त ट्रेन चलाई जा सके। इसके साथ ही प्रमुख और भीड़-भाड़ वाले स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाए जाएं। इन क्षेत्रों में यात्रियों को उनकी ट्रेन के निर्धारित समय तक रोका जाएगा।

सीपीआरओ पीके सिंह ने बताया कि भीड़ प्रबंधन के लिए ट्रेन जब प्लेटफॉर्म पर आने के करीब होगी, तभी यात्रियों को प्लेटफॉर्म तक जाने की अनुमति दी जाएगी। रेलवे प्रशासन का मानना है कि इस व्यवस्था से प्लेटफॉर्म पर अनियंत्रित भीड़ जमा नहीं होगी और यात्रियों की आवाजाही सुरक्षित तरीके से हो सकेगी। यात्रियों को लगातार माइक और डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से यह जानकारी दी जाएगी कि कौन-सी ट्रेन किस प्लेटफॉर्म से जाएगी और कब प्रस्थान करेगी।

उन्होंने बताया कि बार-बार घोषणाओं के जरिये यात्रियों को जागरूक किया जाएगा, जिससे अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न न हो। रेलवे सुरक्षा बल और जीआरपी को भी सतर्क किया गया है। त्योहारों के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर भीड़ को नियंत्रित करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी दी जाएगी। साथ ही स्टेशन परिसर में मेडिकल टीम और कंट्रोल रूम भी सक्रिय रहेंगे, ताकि आपातकालीन स्थिति में तुरंत मदद पहुंचाई जा सके।

सीपीआरओ ने बताया कि महाप्रबंधन के निर्देश हैं कि त्योहारों के समय यात्रियों की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना बढ़ जाती है। ऐसे में प्राथमिकता यह है कि किसी भी यात्री को असुविधा न हो और ट्रेन संचालन सुचारु बना रहे। उन्होंने यात्रियों से भी अपील की कि वे स्टेशन समय से पहले पहुंचें, अनावश्यक भीड़ न करें और रेलवे प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें।

- **ट्रेन आने से पहले यात्रियों को होल्डिंग एरिया में रोका जाएगा प्लेटफॉर्म पर ट्रेन आने के समय मिलेगा प्रवेश**
- **मंडलों में दो रैक रहेंगे रिजर्व ट्रेन के अनावश्यक लेट होने या भीड़ बढ़ने पर चलाई जाएगी अतिरिक्त ट्रेन**

## प्रो. विनय, अमित सिंह और आरिफ बने संकायाध्यक्ष

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने तीन शिक्षकों को अलग-अलग संकाय का अध्यक्ष बनाया है। कुलपति प्रो. केपी सिंह के आदेश पर कुलसचिव ने उपाधि महाविद्यालय पीलीभीत के वाणिज्य विभाग के प्रो. विनय कुमार को वाणिज्य संकायाध्यक्ष, विश्वविद्यालय परिसर विधि विभाग के डॉ. अमित सिंह को विधि संकायाध्यक्ष और बरेली कॉलेज के प्रो. आरिफ नदीम को गणित विभाग का संकायाध्यक्ष बनाया है।

**सहूलियत** — कैंट के जनरल अस्पताल में क्लाउड इंटीग्रेशन युक्त उन्नत रोबोटिक स्वास्थ्य जांच प्रणाली की हुई शुरुआत

# एआई से लैस 'छावनी बॉट' करेगा स्वास्थ्य जांच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए बरेली छावनी के जनरल अस्पताल में पहली बार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित छावनी बॉट का आरंभ किया गया। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने शुक्रवार को सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के दौरान इस अत्याधुनिक रोबोटिक स्वास्थ्य जांच प्रणाली की शुरुआत की। उन्होंने इसे सफाई मित्रों और स्थानीय समुदाय के लिए समर्पित करते हुए कहा कि यह पहल स्वास्थ्य सुविधाओं को और सुलभ बनाएगी।

छावनी बॉट को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह कुछ ही मिनटों में रक्तचाप, शुगर, बीएमआई, एसजीपीटीओ, तापमान और ईसीजी जैसी कई महत्वपूर्ण जांचें कर सकता है। सबसे खास बात यह है कि इसके लिए पारंपरिक क्लिनिक सेटअप की आवश्यकता नहीं होती। क्लाउड इंटीग्रेशन और एआई तकनीक से लैस यह मशीन न केवल मरीजों को त्वरित निदान उपलब्ध कराती है बल्कि डॉक्टरों को भी डेटा तक तुरंत पहुंच प्रदान करती है, जिससे निवारक देखभाल और सही समय पर उपचार संभव हो सके।

छावनी बोर्ड की सीईओ डॉ. तनु जैन ने इस पहल पर आभार जताते हुए कहा कि छावनी बॉट सफाई मित्रों, सैन्यकर्मियों और ग्रामीण समुदायों के लिए निवारक स्वास्थ्य सेवा का क्रांतिकारी बदलाव है। उन्होंने बताया कि लांच के कुछ ही घंटों में 100 से अधिक जांचें की गईं। उन्होंने बताया कि एआई फॉर हेल्थ केयर फॉर ऑल की टैगलाइन के साथ शुरू किया गया यह बॉट इस बात का प्रमाण है कि कैसे तकनीक और सामाजिक जिम्मेदारी मिलकर एक स्वस्थ और जागरूक समाज का निर्माण कर सकते हैं।

- **रक्तचाप, शुगर, बीएमआई एसजीपीटीओ, तापमान और ईसीजी जैसी महत्वपूर्ण जांचें चंद मिनट में करने में सक्षम**
- **कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने मशीन का उद्घाटन कर सफाई मित्रों और स्थानीय समुदाय के लिए समर्पित किया**

### स्वच्छता ही सेवा के तहत किया श्रमदान

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को कैंट बोर्ड कार्यालय परिसर में श्रमदान किया गया। इसमें कैंट विधायक संजीव अग्रवाल और कैंट बोर्ड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. तनु जैन के साथ परिषद के कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा क्षेत्र के लोग शामिल रहे। कार्यक्रम न केवल स्वच्छता के प्रति जनजागरण का प्रतीक बना, बल्कि सामूहिक सहभागिता और सामाजिक उत्तरदायित्व का भी संदेश देने में सफल रहा।



छावनी बॉट से जांच कराते कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, साथ में मौजूद कैंट बौर्ड सीईओ डॉ. तनु जैन समेत अन्य। ● अमृत विचार

# गुप्त रोगी मिलें



# हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)

पंजी. सं. 19706

डॉ. एम. अहमद (BUMS)

जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको

धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर इन्दी का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊ पर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।

वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-

शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली

मो. 9634499693
9837338306

हर तरफ से निराश गुप्त रोगी मिलें

# SEXOLOGIST

बचपन की गलतियां

आखिर कब तक शर्माते रहोगे



हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी

डायबिटीज

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज में पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

YouTube पर Search करें

# डा. शेख

भारत प्रसिद्ध

Best Sexologist in india आयुर्वेदा

मिलें हर मंगलवार

ईसाईयों की पुलिया

निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड

बरेली

9837023223


# बवाल की साजिश के पीछे कौन, पुलिस ने शुरू की जांच

## पुलिस ने 16 से अधिक उपद्रवियों को हिरासत में लिया, तौकीर रजा ने इस्लामिया कॉलेज ग्राउंड में समर्थकों से पहुंचने का किया था आह्वान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के आह्वान पर जुमे की नमाज के बाद आई लव मोहम्मद पोस्टर को लेकर विरोध प्रदर्शन कर उपद्रवियों ने जमकर बवाल काटा। पूरे प्रकरण की साजिश में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से कौन-कौन शामिल हैं। इसकी जांच पुलिस ने शुरू कर दी है। साथ ही अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने 16 से अधिक उपद्रवियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

नमाज के बाद दो से ढाई बजे तक हालात पूरी तरह से काबू में थे। उसके बाद अचानक लोग हाथ में पोस्टर लिए इस्लामिया की तरफ बढ़ना शुरू कर दिए। बिहारीपुर चौकी से लेकर कोतवाली और नौमहला मस्जिद तक भारी पुलिस फोर्स तैनात थी। हालात काबू करने में काफी देर तक जूझती रही। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के सामने ही नारेबाजी की। पुलिस के लाख समझाने के बाद भी वह नहीं माने और पथराव शुरू कर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़ते हुए लाठी चार्ज किया। इसके बाद वहां सन्नाटा पसर गया। इस बीच माहौल इतना तनावपूर्ण हो गया कि देखते ही देखते पूरा इलाका छावनी में तब्दील कर दिया गया। बड़ी संख्या में तैनात पुलिस फोर्स और अफसर मौके पर डटे रहे। हालात को देखते हुए डीआईजी अजय कुमार साहनी और एसपी सिटी मानुष पारीक भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पूरे घटनाक्रम की मॉनिटरिंग की। उनके निर्देशन में पुलिस ने हालात को काबू में किया और सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी।



इस्लामियां कॉलेज मैदान जाने से रोकने पर कोतवाली के पास पुलिस पर पथराव करते प्रदर्शनकारी। ● अमृत विचार



इंद्रा मार्केट में आई भीड़ को रोकती पुलिस। ● अमृत विचार



आंसू गैस के गोले छोड़कर भीड़ को खदेड़ती पुलिस। ● अमृत विचार





भीड़ को खदेड़ने के लिए पुलिस ने लाठियां भांजी और लोगों को मौके से पकड़कर हटाया। ● अमृत विचार

### आंसू गैस के गोले छोड़ कर लाठी चार्ज कर खदेड़ा

स्थिति को बिगड़ते देख पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए लाठी चार्ज किया। उपद्रवियों ने दोबारा से पथराव किया। इसके बाद पुलिस ने उन्हें दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। भीड़ बार-बार लौट-लौटकर आती रही, लेकिन पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए उन्हें तितर-बितर कर दिया। कुछ देर तक इलाका संग्राम भूमि में तब्दील रहा। पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी दागे और फ्लैगमार्च निकालकर इलाके में सख्ती बढ़ा दी। डीआईजी अजय साहनी और एसएसपी अनुराग आर्य ने हालात पर नजर रखते हुए पुलिस बल को निर्देश दिए और हर गली-चौराहे पर पुलिस तैनात कर दी गई। देखते ही देखते पूरा इलाका छावनी में तब्दील हो गया।

### एसपी सिटी पर भी किया पथराव

नमाज खत्म होते ही महादेव पुल से होते हुए सैकड़ों की संख्या में लोग हाथ में आई लव मुहम्मद लिखे पोस्टर लेकर नौमहला मस्जिद की तरफ बढ़ने लगे। पुलिस ने उन्हें आगे जाने से रोका तो सभी ने नारेबाजी शुरू कर दिया। पुलिस उन्हें वापस महादेव पुल के पास लेकर आई। इसी दौरान लोगों को समझा रहे एसपी सिटी मानुष पारीक पर भी उपद्रवियों ने पथराव कर दिया। इसके बाद पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़ते हुए लाठी चार्ज कर सभी को खदेड़ा। पुलिस के तेवर तीखे देखकर सभी उपद्रवी महादेव पुल के नीचे से पीछे की तरफ भागे। पथराव में दो बाइकें भी टूटी हैं।



पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाया और न मानने पर लाठियां भांजकर खदेड़ा। ● अमृत विचार

### अफवाहों ने फैलाई दहशत, बसें भी रोकी गईं

शहमातगंज, कोहाड़ापीर और आसपास के इलाकों से होकर गुजरने वाली रोडवेज बसों का संचालन रोक दिया गया। दुकानों के शटर गिरा दिए गए। भीड़ की हरकतों ने शहर में दहशत फैला दी। पुलिस ने बार-बार घोषणा की कि किसी को कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी। शहर में उपद्रव की अफवाहों ने बाजार बंद करवा दिया।

> जनपद में सभी जगह शांति से नमाज अदा करने के बाद लोग अपने-अपने काम को निकल गए। कोतवाली क्षेत्र में कुछ उपद्रवियों ने पथराव कर फायरिंग की। हल्का पुलिस बल का प्रयोग कर सभी को खदेड़ा गया। इस बवाल की साजिश में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से कौन हैं इसकी जांच की जा रही है। जो भी दोषी होगा उसे किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। **-अनुराग आर्य**, एसएसपी

## मैं मौके पर जाता तो बवाल नहीं होता : मौलाना तौकीर

**बरेली, अमृत विचार:** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां ने बवाल के बाद शुक्रवार की रात करीब 10:30 बजे वीडियो जारी कर बयान में कहा कि पुलिस-प्रशासन ने जिले का माहौल खराब करने का प्रयास किया। मुसलमान पर जान-बूझकर लाठियां चलाईं। पैगंबर इस्लाम के नाम पर अगर हमें गोली मार दी जाए तो भी कोई गम नहीं। कार्यक्रम में शामिल होने आए और पुलिस की पिटाई से घायल हुए लोगों को मुबारकबाद दी है। तौकीर राजा खान ने 6:30 मिनट का वीडियो सोशल मीडिया पर जारी कर कहा, मुझे अफसोस इस बात का है कि मैंने अमन का रास्ता अपनाया था, अपनी बात रखने और परेशानी के लिए राष्ट्रपति को ज्ञापन देने का कार्यक्रम बनाया था। वह रात में फाइक इन्क्लेव कॉलोनी में अपने दोस्त के यहां रुक गए। इस दौरान मेरा फर्जी लेटर पैड बनाकर अखबारों में खबरें छाप दी गई कि मौलाना तौकीर रजा का कार्यक्रम निरस्त हो गया। लोगों को गुमराह करने की कोशिश की गई। मैं बरेली के अमन पसंद हिंदू भाइयों को भी मुबारकबाद देता हूं। जिन्होंने उनके कार्यक्रम का कोई विरोध नहीं किया। मैं अभी तक हाउस अरेस्ट हूं। मुझे निकलने नहीं दिया जा रहा है। मुझे खुशी होगी अगर मुझे गिरफ्तार कर लिया जाए।



इसी जगह हाउस अरेस्ट रतौकीर रजा।



● रात 10:30 बजे वीडियो जारी कर दिया बयान

### जिला अस्पताल में इलाज को पहुंचे तीन मामूली घायल

**बरेली, अमृत विचार :** मौलाना तौकीर रजा के आह्वान पर जुटी भारी भीड़ में शामिल अराजक तत्वों के पुलिस पर पथराव करने के बाद लाठीचार्ज हुआ। कई लोग घायल हुए। बवाल की सूचना मिलने पर जिला अस्पताल प्रबंधन भी अलर्ट हो गया और इमरजेंसी में दो मेडिकल ऑफिसर को तैनात कर दिया। इस संबंध में इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डा. एके सिंह ने बताया कि लाठी चार्ज में घायल हुए तीन लोग इलाज के लिए पहुंचे। जांच की गई तो कोई भी गंभीर घायल नहीं था, प्राथमिक उपचार फौरन दिया गया। इसके बाद मरीज चले गए। वहीं सूचना पर बरेली कॉलेज को भी शिक्षकों और छात्रों से खाली करा लिया गया।

### पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बोले - घोर निंदनीय

बरेली में लाठी चार्ज के कुछ ही घंटों में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक्स (ट्विटर) पर लिखा कि सरकार द्वारा ताकत का इजहार करना उसकी कमजोरी की निशानी होता है। सरकारें लाठी चार्ज से नहीं सौहार्द-सद्भाव से चलती हैं। यह घोर निंदनीय है।



लाठीचार्ज के बाद जिला पंचायत रोड पर बिखरे पड़े जूते चप्पल और बाइक। ● अमृत विचार

## लाठीचार्ज के बाद सौदागरान पहुंची आक्रोशित भीड़, सुब्हानी मियां ने समझाया

**बरेली, अमृत विचार:** इस्लामिया इंटर कॉलेज के पास पुलिस पर पथराव के बाद हुए लाठीचार्ज से लोगों में आक्रोश है। आक्रोशित लोग सौदागरान स्थित दरगाह आला हजरत पहुंचे।

यहां दरगाह प्रमुख सुब्हानी मियां ने लोगों से शांति की अपील की। दरगाह से जुड़े संगठन टीटीएस के लोगों ने भीड़ को समझाया। इसके बाद दरगाह प्रमुख सुब्हानी मियां घर से बाहर निकलकर आए और लोगों से मुखातिब हुए। उन्होंने लोगों को समझाया कि ये अपना शहर है। यहां शांति कायम रखनी है। उन्होंने लोगों से नारेबाजी नहीं करने की अपील की। कहा कि अधिकारियों से बात हुई है। जिन लोगों को चोटें आई हैं, उनका प्राथमिक उपचार कराया जाएगा। उन्होंने लोगों से शांति के साथ घर जाने की अपील की।

### अमन और शांति बनाये रखने की अपील

शुक्रवार की दोपहर हुए घटनाक्रम पर आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने अवाम से अमन व शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पैगम्बर ए इस्लाम से मुहब्बत का इजहार सड़कों पर न करके बल्कि उनकी बताई हुई शिक्षा पर अमल करें। पुलिस व प्रशासन और अन्य किसी से भी टकराव की स्थिति पैदा न करें, कानून अपने हाथ में न लें और अफवाहों पर ध्यान न दें।

**बवाल :** गलियों और छतों से भी लोगों ने पुलिस कर्मियों पर पत्थर फेंककर उपद्रवियों का दिया साथ

## जम्मू-कश्मीर की तर्ज पर उपद्रवियों ने बच्चों को किया आगे

- बच्चों की आड़ लेकर उपद्रवियों ने बिगाड़ा शहर का माहौल
- पुलिस के समझाने के बावजूद बवालियों के तेवर हुए उग्र

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले में पहली बार जम्मू-काश्मीर की तर्ज पर साजिश कर उपद्रवियों ने हर एक झुंड में बच्चों को आगे किया था। उपद्रवियों ने बच्चों को आगे कर पुलिस पर पथराव किया। यही नहीं लोगों ने गली से लेकर छतों तक से पुलिस पर पथराव कर उपद्रवियों का साथ दिया। पुलिस वीडियो के जरिये सभी को चिन्हित कर रही है।

जुमे की नमाज के बाद कई घंटे तक शहामतगंज में लोगों की भीड़ जमा रही। हैरानी की बात यह है कि हर एक भीड़ के आगे छोटे बच्चे खड़े किए गए थे, जिससे पुलिस कार्रवाई को रोका जा सके। इस दौरान भीड़ ने शहर का माहौल खराब करने की भरसक प्रयास किये। पुलिस ने सभी को कई घंटों तक समझाकर रोकने का प्रयास भी किया। इस दौरान एसपी क्राइम से भीड़ की नोक-झोंक भी हुई, लेकिन जुलूस के रूप से भीड़ नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ती गई। मामला बढ़ता देख वहां पहुंचे एसएसपी अनुराग आर्य ने पुलिस फोर्स के साथ उपद्रवियों पर जमकर लाठी चार्ज किया। जिससे वहां पर अफरा-तफरी के साथ भगदड़ मच गई। लोग नारेबाजी करते हुए वहां से नदारद हो गए।



एसएसवी इंटर कॉलेज के पास प्रदर्शन करते लोग और कुतुबखाना पुल के नीचे कुमार सिनेमा के पास पड़े पत्थर। ● अमृत विचार

### निर्दोष नहीं होंगे परेशान, दोषी बख्शे नहीं जाएंगे : एसएसपी

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि एक सप्ताह से लगातार धर्म गुरुओं समेत प्रबुद्ध लोगों से वार्ता कर शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की गई। इसके कारण जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। दोपहर 3 बजे के करीब अलग-अलग चौराहों से लोगों की भीड़ इस्लामिया इंटर कॉलेज की तरफ रुख करने लगी। जिन्हें पुलिस ने काफी समझाकर रोकने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ मानने को तैयार नहीं थी। भीड़ ने पुलिस टीम पर पथराव कर फायरिंग की गई तो पुलिस ने आवश्यक बल प्रयोग कर सभी को खदेड़ा। इस प्रकरण में जो भी शामिल है। उसे चिन्हित किया जा रहा है। निर्दोषों को परेशान नहीं किया जाएगा और दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। फायरिंग के बाद कुछ खोखे और असलहे बरामद किए गए हैं। 170 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

### मुनव्वर राणा की बेटी सुमैया राणा को पुलिस ने रोका



लखनऊ से बरेली के लिए आ रही मुन्नवर राणा की बेटी सुमैया राणा को पुलिस ने बरेली सीमा के पास ही रोक दिया। उन्हें जिले में प्रवेश नहीं करने दिया गया। वह पुलिस से मुशायरा में शामिल होने की बात कहकर अंदर जाने की जिद करती रहीं। मगर पुलिस ने उच्चाधिकारियों के आदेश का हवाला देकर उन्हें शहर में नहीं जाने दिया। इसका उन्होंने वीडियो भी फेसबुक पर जारी किया है। इसमें वह पुलिस से कहती दिखाई दे रही हैं कि वह किसी मुशायरा में शामिल होने जा रही हैं। उन्होंने अपने फेसबुक पर लाइव आकर पुलिस प्रशासन के रोकने को लेकर विरोध भी किया। उन्होंने कहा कि वह यहां मुशायरा में शामिल होने आई थीं, लेकिन पुलिस उन्हें कार्यक्रम में नहीं जाने दे रही है। पुलिस पहले ही लाठीचार्ज कर मजलूमों पर अत्याचार कर चुकी उसके बाद भी पुलिस और प्रदेश सरकार की तानाशाही जारी है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का पंपलेट भी दिखाया बावजूद कार्यक्रम में नहीं जाने दिया गया। क्या मैं कोई अपराधी हूं या मेरा कोई हिस्ट्रीशीट रिकार्ड है। सरकार का यह रवैया गलत है।

### वीडियो फुटेज से उपद्रवी किए जा रहे चिन्हित : डीआईजी

पुलिस शुक्रवार की सुबह से ही पूरे घटनाक्रम की वीडियो रिकार्डिंग और फुटेज कवर कर रही थी। इन्हीं वीडियो और फुटेज के आधार पर उपद्रवियों को चिन्हित किया जा रहा है। जो भी इस बवाल के पीछे साजिशकर्ता होगा। उसे किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। सुबह से ही पुलिस-प्रशासन के अधिकारी समेत भारी पुलिस फोर्स तैनात की गई थी, लेकिन, इस बवाल के पीछे किसी ने साजिश की है। उसकी जांच की जा रही है। जल्द ही मामले में अलग-अलग थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। पथराव और फायरिंग में 10 पुलिस कर्मी घायल भी हुए हैं। इनका इलाज चल रहा है। कुछ पुलिस कर्मियों को छर्रे भी लगे हैं।

# आई लव बरेली पुलिस, तोड़ेंगे नहीं, तब तक छोड़ेंगे नहीं

## सोशल मीडिया : पथराव करने वाले अराजक तत्वों पर हुए लाठीचार्ज पर लोगों ने किए कमेंट्स, बरेली पुलिस के समर्थन में सोशल मीडिया पर कर रहे हैं पोस्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जुमे की नमाज के बाद सड़कों पर पथराव और बवाल कर माहौल खराब करने वाले उपद्रवियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पुलिस उपद्रवियों की जमकर धुनाई लगाई। लाठीचार्ज के वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। शहर की फिजां खराब करने वालों पर लाठियां भांजने वाली बरेली पुलिस के समर्थन में बड़ी संख्या में लोग सोशल मीडिया पर स्टेटस डाल रहे हैं।

किसी ने पुलिस के लिए लिखा है कि 'आई लव बरेली पुलिस, तोड़ेंगे नहीं, तब तक छोड़ेंगे नहीं'। नवरात्रि के अवसर पर आज बरेली पुलिस का भव्य डांडिया आयोजन, आई लव यूपी पुलिस, बाबा जी सत्य हैं, बाबा जी अनंत हैं, बाबा की पुलिस फायर है जैसे कमेंट्स लिखते हुए लोग अपनी फेसबुक पर स्टेटस लगा रहे हैं। कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर मौलाना तौकीर रजा के खिलाफ भी कमेंट्स किए हैं। सोशल मीडिया पर मौलाना तौकीर रजा पर भीड़ को उकसा कर बरेली शहर को सुलगाने की साजिश रचने का आरोप लगाया जा रहा है। लाठीचार्ज के कई वीडियो फेसबुक पर शेयर कर भाजपा नेताओं और डॉक्टरों ने तौकीर को घेरा है, योगी सरकार से तौकीर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी सोशल मीडिया पर उठाई गई।





प्रदर्शन करने वालों को दौड़ाती पुलिस। ● अमृत विचार

## चर्चित पढ़ेरा स्मैक प्रकरण में प्रधान समेत 19 आरोपी बरी

**विधि संवाददाता, बरेली :** चार साल पहले पढ़ेरा में 20 किलो स्मैक के साथ प्रधान शहीद खान उर्फ छोटे को पकड़ा गया था। इस मामले में पुलिस ने प्रधान समेत 19 के विरुद्ध चार्जशीट कोर्ट भेजी थी। शुक्रवार को स्पेशल कोर्ट ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया। बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद श्रीवास्तव ने बहस की।

18 अगस्त 2021 को प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने थाना फतेहगंज पश्चिमी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मुखबिर की सूचना मिली कि गांव पढ़ेरा में कुछ तस्कर स्मैक की बड़ी खेप तैयार कर उसे अन्य राज्य में ले जाने की तैयारी कर रहे हैं। फरीदपुर थाना पुलिस के साथ प्रधान पढेरा के गेट के पास पहुंचे तो खुले हुए गेट के अन्दर खड़ी सेंट्रो कार में माल रख रहे दो लोगों को दबिश देकर पकड़ लिया।

गाड़ी के अंदर बैठे और पास में खड़े कई लोग पास के घरों में घुस गए जो सीढ़ियों के रास्ते छतों पर चढ़कर भागने लगे। जिनका पीछा पुलिस ने किया गया तो वह मौके से फरार हो गये। पकड़े गये लोगों से भागने का कारण पूछा तो बताया कि हम कार में नाजायज स्मैक रखकर तस्करी की तैयारी कर रहे थे।

## कमिश्नर-एडीजी का दिन भर कोतवाली में जमा रहा डेरा, डीआईजी और एसपी सिटी फोर्स के साथ शहर में करते रहे पैदल गश्त

**बरेली, अमृत विचार :** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के आह्वान के बाद शुक्रवार दोपहर में ही कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी और एडीजी रमित शर्मा कोतवाली में डेरा डाल दिए। जबकि, डीआईजी अजय कुमार साहनी और एसपी सिटी मानुष पारीक फोर्स के साथ लगातार पैदल गश्त करते रहे। उधर, एसएसपी अनुराग आर्य कभी क्षेत्र में तो कभी एसपी सिटी कार्यालय से पूरे घटनाक्रम की मॉनिटरिंग करते रहे। साथ ही लखनऊ मुख्यालय से भी उच्चाधिकारी लगातार फोन पर प्रकरण की जानकारी लेते रहे। पुलिस-प्रशासन के अधिकारियों को खुफिया विभाग ने पहले ही अलर्ट कर दिया था। इसे देखते हुए एक दिन पहले ही डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य ने भारी पुलिस फोर्स के साथ कई इलाकों में पैदल मार्च कर लोगों से शांति बनाए रखने के लिए अपील की थी। एहतियात के तौर पर शहर में शुक्रवार को सुबह से ही पांच हजार के करीब अफसर और पुलिस कर्मी तैनात किए गए। तैनात रही। जिसमें 15 कंपनी पीएसी, गैर जनपद से 200 दरोगा, 500 सिपाही, पांच कम्पनी पीएसी, जिले से 700 दरोगा, 2500 आरक्षी और मुख्य आरक्षी कोतवाली, बारादरी और प्रेमनगर इलाके में तैनात थे। साथ ही 13 सीओ, पांच एडिशनल एसपी भी तैनात किए गए। जिले भर में आठ ड्रोन की टीमें लगाई गई थीं। जो छतों के ऊपर से लेकर अन्य गतिविधियों पर नजर बनाए हुई थी।



## जिले में शांति व्यवस्था कायम, सभी स्कूल-कॉलेज व कार्यालय खुलेंगे: डीएम

**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने शुक्रवार की शाम कलेक्ट्रेट में मीडिया से बात करते हुए बताया कि कुछ दिन पहले कुछ लोगों ने कलेक्ट्रेट आकर ज्ञापन देने और मार्च निकालने की बात कही, तब उन्हें बताया कि बिना अनुमति जुलूस, मार्च नहीं निकाल सकते हैं। जिले में धारा 163 लगी है। इसके बावजूद जुमे की नमाज के बाद बाहर निकलकर माहौल खराब करने का प्रयास किया गया। नौमहला मस्जिद, शहामतगंज, खलील तिराहे आदि जगहों पर पुलिस, पीएसी के साथ 97 मजिस्ट्रेट पहले से तैनात थे। कुछ लोगों ने माहौल खराब करने की कोशिश की, जिस पर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की गयी। उन्हें हटाने में करीब आधे से एक घंटे का समय लगा। पूरी तरह से स्थिति नियंत्रण में है। जनपद में कहीं किसी प्रकार की दिक्कत नहीं है। एडीएम, एसपी सहित सभी अधिकारी मैदान में हैं। तीन दिन से हम लोग एक्सरसाइज कर रहे थे, जिन लोगों ने माहौल खराब करने की कोशिश की, उनकी संख्या काफी कम थी। जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था कायम है। सभी स्कूल और कॉलेज शनिवार को खुलेंगे, बच्चे समय से स्कूल जाएंगे। सभी कार्यालय भी खुलेंगे। बरेली की जनता से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें, किसी प्रकार की शंका होने पर कंट्रोल रूम या मेरे व एसएसपी के नंबर पर कॉल कर शंकाओं का समाधान कर सकते हैं। जनपद में जो शांति भंग का प्रयास करेगा, उसके खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। 15 से 20 लोग हिरासत में लिए गए हैं।

## शाहदाना वली के उर्स में चादरपोशी व कलामों की गूंज

**बरेली, अमृत विचारः** शाहदाना वली के उर्स के तीसरे दिन दरगाह पर अकीदतमंदों की बड़ी तादाद में हाजिरी लगी। दरगाह पर चादर और संदल पेश किए। खानकाहे निजामिया में गद्दीनशीन पाशा मियां निजामी की सरपरस्ती में मिर्जा मुकर्रम बेग, फसाहत नूर खां, निसार पहलवान, मिर्जा शाहाब बेग, शीरोज सैफ कुरैशी और रिजवान नियाजी समेत अकीदतमंदों ने दरगाह पर चादर और गुलपोशी की। इस मौके पर देश में अमन-चैन और भाईचारे के लिए खुसूसी दुआ की गई।

दरगाह के मुतावल्ली अब्दुल वाजिद खा बब्बू मियां ने सभी की दस्तारबंदी की। दिनभर लंगर चलता रहा। असर की नमाज के बाद चन्द मियां अशरफी ने मिलाद-ए-पाक का नजराना बारगाह-ए-दाना वली में पेश किया। महफिल-ए-कलाम में दूर-दराज से आए फनकारों ने हाजिरी दी। गुलाम साबिर (उत्तराखंड), शावेज (बरेली), महफूज साबरी, शमीम (मुरादाबाद) और जमीर चिश्ती (अमरोहा) ने शाहदाना वली की शान में कलाम पेश किए। उर्स की तमाम व्यवस्था दरगाह के मुतावल्ली अब्दुल वाजिद खा नूरी की देखरेख में रही। कुल की व्यवस्थाओं में युसूफ इब्राहीम, वसी अहमद वारसी, इमरान खान, गुल्लाना खा, तौसीफ खां, उस्मान अल्वी, अब्दुल सलाम नूरी, जर्दब साबरी, भूरा साबरी, जावेद खां, शाहान खां, सलीम रजा, मुकर्रम बेग और शीरोज सैफ सहित बड़ी तादाद में लोग शामिल रहे। मीडिया प्रभारी वसी अहमद वारसी ने बताया कि 27 सितंबर की रात 9 बजे से महफिल-ए-समा का आयोजन होगा।

## उपभोक्ताओं से बिना रसीद न लें भुगतान

**बरेली, अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष के निर्देशों के अनुपालन में शुक्रवार को सर्किट हाउस, काटजू मार्ग स्थित सभागार में समीक्षा बैठक में सांसद, विधायक, मेयर, जिला पंचायत अध्यक्ष और अन्य जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

बैठक में बरेली क्षेत्र प्रथम की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, आरडीएसएस योजना और बिजनेस प्लान 2024-25 एवं 2025-26 में चयनित कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों को योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी दी। सांसद छत्रपाल गंगवार, विधायक डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, प्रो. श्याम बिहारी लाल, संजीव अग्रवाल, मेयर डॉ. उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने बिजली आपूर्ति व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान किया जाए। जनप्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि उपभोक्ताओं से बिना रसीद भुगतान न लिया जाए और अवर अभियंता स्तर तक सभी कर्मचारियों और उच्च अधिकारियों के मोबाइल नंबर विद्युत उपकेंद्रों और जनप्रतिनिधियों के कार्यालयों में उपलब्ध कराए जाएं, ताकि पारदर्शिता और त्वरित समाधान सुनिश्चित हो सके। विद्युत आपूर्ति में सुधार लाने के साथ-साथ उपभोक्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर उनकी समस्याओं का शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में मुख्य अभियंता बरेली क्षेत्र प्रथम ज्ञान प्रकाश, अधीक्षण अभियंता ग्रामीण ज्ञानेन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियंता नगरीय ब्रह्मपाल, अधीक्षण अभियंता पारेषण मंडल अंशुमान सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुधार को लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक।

● बिजनेस प्लान और आरडीएसएस योजनाओं की प्रगति पर हुई चर्चा

## महानगर अभ्यास वर्ग की नई इकाई गठित

**बरेली, अमृत विचारः** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर अभ्यास वर्ग में बरेली महानगर की नवीन इकाई का गठन पंडित दीनानाथ इंटर कॉलेज में हुआ, जिसमें ब्रज प्रांत अध्यक्ष सौरभ सेंगर और चुनाव अधिकारी विभाग प्रमुख डॉ. प्रेमपाल सिंह रहे।

बरेली महानगर में डॉ. विकास शर्मा दोबारा महानगर अध्यक्ष, आनंद कठेरिया को दोबारा महानगर मंत्री बनाया गया। इसके अलावा रुहेलखंड विश्वविद्यालय की डॉ. तूलिका सक्सेना, डॉ. नीरजा चौधरी, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. अरविंद सिंह और एसएफडी प्रमुख डॉ. पवन सिंह को महानगर उपाध्यक्ष बनाया गया। विशेष आमंत्रित सदस्य डॉ. भूपेंद्र सिंह, विभाग संगठन मंत्री अवनी यादव, महानगर मंत्री आनंद कठेरिया, रवि प्रताप सिंह, प्रिंस उपस्थित रहे।

## मुंबई से आया सकलैनी कारवां

● उर्स ए सकलैनी में अकीदतमंदों का सैलाब उमड़ा

**बरेली, अमृत विचारः** शाह सकलैन मियां के दूसरे उर्स ए सकलैनी का तीसरे दिन शुक्रवार को सुबह कुरान ख्वानी के साथ शुरू हुआ। उर्स में शामिल होने के लिए इस बार भी मुंबई से रामनगर एक्सप्रेस से सकलैनी कारवां सुबह 4 बजे जंक्शन पर पहुंचा। पुरुष, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्गों से सजे कारवां की देखरेख में हनीफ सकलैनी, शहजाद सकलैनी और एजाज सुल्तान का खास योगदान रहा। जंक्शन पर शाह सकलैन एकेडमी की ओर से लगाए गए कैम्प में सभी जायरीन का गर्मजोशी से इस्तकबाल हुआ।

खानकाह शरीफ के सज्जादानशीन गाजी मियां हुजूर की सरपरस्ती में उर्स की तमाम तकरीबात अदा की जा रही हैं। कमेटी की देखरेख में गौसी सकलैनी, मुकीत सकलैनी, जियाउद्दीन सकलैनी, अशफाक सकलैनी और मजहर सकलैनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। शुक्रवार को कैमूआ, सरदारनगर, मजनूपुर, देवचरा, फरीदपुर, सीबीगंज, मुड़िया अहमद नगर, ठिरिया, मोहनपुर, हजियापुर, कांकरटोला और शाहदाना समेत दर्जनों इलाकों से अकीदतमंद पैदल चलकर चादर शरीफ लेकर दरगाह पहुंचे। रात में दीवानखाना चौक पर तकरीरी व नात-मनकबत की महफिल सजी। हजरत अबसार बहेड़वी सकलैनी, मौलाना अनवार मुरादाबादी और मौलाना रुम्मान कादरी ने पीरो मुर्शिद की तालीम पर रोशनी डाली। वहीं हसीब रौनक, आमिल ककरालवी और अरबाज सकलैनी सहित अन्य नातख्वानों ने अपनी आवाज से समां बांध दिया। आयोजकों के अनुसार शनिवार को सुबह बाद नमाजे फज्र कुरान ख्वानी और रात 9 बजे दीवानखाना चौक पर बड़े सूफी प्रवचन का आयोजन होगा। हजारों अकीदतमंद उर्स में शिरकत कर रहे हैं।

## स्वयं सहायता समूहों को मजबूत करने के दिए निर्देश

**बरेली, अमृत विचारः** सीडीओ देवयानी ने कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को एनआरएलएम योजना के तहत संचालित विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कुछ ब्लाकों में योजनाओं की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और निर्देश दिए कि सभी स्वयं सहायता समूहों को सभी वित्तीय देयताएं समय से उपलब्ध कराई जाएं। इसके अलावा जिन समूहों का सत्यापन शेष है, उसे प्राथमिकता पर पूरा करें। सीडीओ ने कहा कि लखपति दीदी योजना में अपेक्षित प्रगति न होने से योजना की साख पर असर पड़ रहा है। सीडीओ ने चेतावनी दी जिन ब्लॉकों की प्रगति आगामी समीक्षा बैठक तक संतोषजनक नहीं पाई गई, उनके ब्लॉक मिशन प्रबंधक और एडीओ (आईएसबी) के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त स्वतः रोजगार योगेंद्र कुमार भारती, जिला मिशन प्रबंधक गुरदीप सिंह, सभी ब्लॉक मिशन प्रबंधक आदि मौजूद रहे।

## गरीब बेरोजगार विकास और खुसरो सेना पार्टी को नोटिस जारी

**बरेली, अमृत विचारः** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आयोग में पंजीकृत दो अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दल गरीब बेरोजगार विकास पार्टी और खुसरो सेना पार्टी को तीन वित्तीय वर्षों (2021-22, 2022-23 और 2023-24) के वार्षिक लेखा परीक्षित खाते निर्धारित तिथि तक प्रस्तुत नहीं करने पर नोटिस जारी की गई है। इन दलों ने वर्ष 2019 से अब तक 6 वर्षों में आयोजित विभिन्न चुनावों में प्रतिभाग तो किया लेकिन निर्धारित समय में विधानसभा चुनावों के मामले में 75 दिनों के भीतर और लोकसभा चुनावों के मामले में 90 दिनों के भीतर निर्वाचन व्यय विवरण दाखिल नहीं किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने कारण बताओ नोटिस जारी कर पार्टियों को एक माह की अवधि में रिपोर्ट आयोग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। 3 अक्टूबर तक कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ को विवरण दे सकते हैं।

## सिटी डायरी

### डॉ. रवीश ने आईएमए प्रदेश अध्यक्ष के लिए किया नामांकन



**बरेली, अमृत विचार :** आईएमए बरेली के पूर्व अध्यक्ष और आईएमए यूपी के वर्तमान एडिटर जनरल डॉ. रवीश अग्रवाल ने आईएमए यूपी इलेक्ट प्रेसिडेंट के लिए शुक्रवार को नामांकन पत्र भरा। इस दौरान आईएमए भवन में वरिष्ठ चिकित्सकों का आशीर्वाद लिया। इस दौरान डॉ. रवि मेहरा, डॉ. सुदीप सरन, डॉ. अजय भारती, डॉ. रवि खन्ना, डॉ. अमित खन्ना, डॉ. सतेन्द्र सिंह, डॉ. अनूप आर्य, आईएमए अध्यक्ष डॉ. आरके सिंह, डॉ. विमल भारद्वाज, डॉ. राजीव गोयल, डॉ. हिमांशु अग्रवाल, डॉ. गौरव गर्ग, डॉ. विनोद पागरानी ने शुभकामनाएं दीं। डॉ. रवीश ने बताया कि नामांकन भरने की अंतिम तिथि 30 सितंबर है और सभी नामांकन डाक से गाजियाबाद स्थित स्टेट कार्यालय भेजे जाएंगे।

### बरेली कॉलेज के कर्मचारियों की दिवाली बोनस की मांग पूरी

**बरेली, अमृत विचार :** कर्मचारी कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष चंद्रकेश सिंह ने बताया कि कर्मचारियों की वर्षों पुरानी दिवाली पर बोनस की मांग को प्रबंध समिति के सचिव के समक्ष रखा गया। सचिव ने कर्मचारियों की मांग स्वीकारते हुए इस वर्ष से ही सभी कर्मचारियों को दीपावली का बोनस देने की स्वीकृति प्रदान की है। मांग रखने के दौरान श्रीपाल, मदनलाल, बबलू, हरे राम, होरीलाल, अमरनाथ, भजनलाल, अरशद हुसैन, अफसर अली, रविंद्र सहारा, शैलेश मिश्रा आदि कर्मचारी मौजूद रहे।



### उपासना मिस व सौरभ मिस्टर फ्रेशर

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के भौतिक विभाग में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। विभाग प्रभारी प्रो. वीपी सिंह ने प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को अपनी कविता के माध्यम से प्रेरित किया। प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने अपना परिचय दिया और प्रश्नों के उत्तर दिए। विद्यार्थियों ने कविताएं, गीत सुनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रो. अविनाश अग्रवाल और अजहर हुसैन ने उपासना शर्मा के मिस फ्रेशर और सौरभ कुमार को मिस्टर फ्रेशर चुनने की घोषणा की। जिन्हें प्रो. ऋतु अग्रवाल एवं प्रो. सुंदर सिंह ने ताज पहनाया। प्रो. नीरज राठौर, प्रो. एके सिंह, डॉ. पुष्पेंद्र गंगवार, डॉ. पूजा मालकर उपस्थित रहे।

### शल्य चिकित्सा क्षेत्र के नवीनतम अनुसंधान बताए

**बरेली, अमृत विचार :** आईवीआरआई में ''हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग ऑन सॉफ्ट टिशू सर्जरी इन एनिमल्स'' विषय पर आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हो गया। इसमें प्रतिभागियों को पशुओं के लीवर, आंत, पथरी और अन्य अंगों की शल्य चिकित्सा संबंधी तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और नेपाल से आए पशु चिकित्सकों ने भाग लिया। शल्य चिकित्सा विभागाध्यक्ष डॉ. किरनजीत सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रतिभागियों को शल्य चिकित्सा क्षेत्र में हो रहे नवीनतम अनुसंधानों की जानकारी देना और उनके आत्मविश्वास को मजबूत करना है। परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ. अभिषेक सक्सेना, पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. रेखा पाठक, डॉ. रोहित कुमार, डॉ. अश्वनी गोपीनाथन आदि मौजूद रहे।






## शहर में आज

- श्री रानी महालक्ष्मी बाई रामलीला समिति की रामलीला हार्टमन कॉलेज मैदान स्थित श्री रामलीला मैदान में शाम 7 बजे से।
- श्री रामलीला सभा सुभाष नगर बरेली की राम लीला रामलीला मैदान सुभाष नगर में रात 8 बजे।
- विद्या वर्ल्ड स्कूल में विद्या डांडिया नाइट शाम 6 बजे से।
- रामलीला उत्तराखंड सांस्कृतिक समाज की रामलीला राजेन्द्र नगर में रात 8 बजे।
- वनखंडीनाथ मंदिर की रामलीला रात 8 बजे से।
- धन धन बाबा नंद सिंह कलेरा वालों की याद में अखंड पाठ व समागम सुबह 8 बजे से।

# दीक्षांत समारोह से पहले सांस्कृतिक कार्यक्रमों व गतिविधियों की शुरुआत

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के 12 अक्टूबर को प्रस्तावित 23वें दीक्षांत समारोह में पदक और उपाधि वितरण के अलावा कई कार्यक्रम होंगे। समारोह से पहले विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांवों में स्थित और संचालित विद्यालयों और आंगनबाड़ी केन्द्रों में भाषण, चित्रकला और कहानी लेखन की प्रतियोगिताओं का आयोजन, आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छता, स्वास्थ्य पर आधारित गतिविधियों की शुरुआत हुई।

सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. ज्योति पांडेय ने बताया कि ण्डेय ने बताया कि राजभवन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार प्राथमिक से इंटरमीडिएट स्तर के विद्यालयों में कक्षा समूह वर्ग के अनुसार भाषण, चित्रकला और कहानी कथन एवं लेखन की प्रतियोगिताओं और आंगनबाड़ी केंद्रों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाना है, जिनके विषय स्वच्छता, स्वास्थ्य, देशभक्ति तथा पर्यावरण है। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को दीक्षांत समारोह में न केवल पुरस्कृत किया जाएगा 25 सितंबर से 10 अक्टूबर तक तीन चरणों में इन प्रतियोगिताओं एवं गतिविधियों का आयोजन सांस्कृतिक केंद्र की ओर से किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन में संजीव कुमार सिंह, प्रो. संजय गर्ग, डॉ. इंद्रप्रीत कौर, डॉ. सौरभ वर्मा, डॉ. रीना पंत, डॉ. अतुल कटियार, तपन वर्मा एवं कल्चरल क्लब के सदस्यों का सहयोग रहा।

# फार्मेसी विभाग को एनआईआरएफ प्रमाण पत्र सौंपा

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के समिति कक्ष में शुक्रवार को कुलपति प्रो. केपी सिंह ने फार्मेसी विभाग के शिक्षकों को एनआईआरएफ प्रमाण पत्र सौंपा। फार्मेसी विभाग को एनआईआरएफ ने देश में सर्वोच्च 68 वें स्थान पर अंकित किया गया है। कुलपति ने सभी शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें यही संतुष्ट नहीं होना है बल्कि विभाग के रैंकिंग को प्रथम 10 विश्वविद्यालय में शामिल करने के लिए अथक प्रयास एवं प्रयत्न करने हैं। कुलसचिव संजीव कुमार सिंह, प्रो. एसके पांडे, प्रो. केके माहेश्वरी, डीन प्रौद्योगिकी संकाय प्रो. अर्चना गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# निरीक्षण से नाराज शिक्षिका ने प्राचार्य पर लगाए आरोप

## सचिव से भी की शिकायत, सचिव ने जताई नाराजगी, प्राचार्य बोले होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में भौतिकी विभाग की एक सहायक प्रोफेसर ने स्पष्टीकरण मांगने से नाराज होकर प्राचार्य पर ही निरीक्षण को फर्जी बताते हुए गंभीर आरोप लगा दिए। शिक्षिका ने कार्रवाई को महिला विरोधी बताने के साथ प्राचार्य के पूर्वजों पर भी सवाल खड़े कर दिए। शिक्षिका ने प्राचार्य को पत्र लिखने के साथ सचिव, विभागाध्यक्ष और स्थापना विभाग को भी कॉपी भेजी है। इसके अलावा प्राचार्य से आरटीआई के माध्यम से जाति वर्ग के हिसाब से कितने लोगों को स्पष्टीकरण लेटर भेजने की सूचना मांग ली है। इस मामले में शुक्रवार को कॉलेज पहुंचे प्रबंध समिति के सचिव ने प्राचार्य से पूछा और नाराजगी जताते हुए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। प्राचार्य ने बताया कि मामले में शिक्षिका पर कार्रवाई की जाएगी।

- शिक्षिका ने फर्जी निरीक्षण बताते हुए आरटीआई भी लगाई, प्राचार्य के पूर्वजों पर भी खड़े किए सवाल

जानकारी के मुताबिक प्राचार्य ने 20 सितंबर को विधि विभाग का निरीक्षण 11:40 बजे निरीक्षण किया था। इस दौरान महिला सहायक प्रोफेसर अनुपस्थित मिलीं। प्राचार्य के दो-तीन बार फोन करने पर उठाया। इस पर प्राचार्य ने विभाग में उपस्थित होने को कहा। इस मामले में प्राचार्य ने सहायक प्रोफेसर को पत्र लिखकर दो दिन में स्पष्टीकरण मांगा। शिक्षिका ने जवाब देने के बजाय प्राचार्य को ही दो पन्नों का पत्र लिखकर तमाम गंभीर आरोप लगा दिए। जिसमें प्राचार्य को महिला विरोधी मानसिकता का बताया। शिक्षिका ने लिखा कि वह डॉक्टर के पास थीं और सीएल लेने वाली थीं। उनके खिलाफ कार्रवाई और करियर बर्बाद करने की वजह से स्पष्टीकरण मांगा गया। शिक्षिका ने लिखा कि वह रोजाना सुबह 8:40 बजे कक्षा में जाती हैं और अन्य दायित्व भी जिम्मेदारी से निभाए। शिक्षिका ने लिखा कि वह सहायक प्रोफेसर के पद पर तैनात हुई हैं न कि किसी की सहायक के रूप में। इस मामले में प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि शिक्षिका निरीक्षण में अनुपस्थित मिलीं थी, जिस पर स्पष्टीकरण मांगा गया। शिक्षिका ने पत्र लिखकर गलत आरोप लगाए हैं। दस्तावेज तैयार मामले में कार्रवाई की जाएगी।

## सिटी ब्रीफ

### 54 केंद्रों पर होगी सुधार परीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की सुधार परीक्षा के केंद्र शुक्रवार को निर्धारित कर दिए गए। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक 54 केंद्रों पर सुधार परीक्षा होगी। बरेली में बरेली कॉलेज समेत सात केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें सबसे अधिक 24 कॉलेजों के केंद्र बरेली कॉलेज बनाया गया है। बरेली कॉलेज में 958 विद्यार्थी परीक्षा देंगे, जिसमें कॉलेज के ही 655 छात्र हैं।

### हरि मंदिर में महिलाओं ने किया भजन कीर्तन

**बरेली अमृत विचार :** श्री हरि मंदिर मॉडल टाउन में महिला मंडल की सदस्यों ने माता रानी के भजन, कीर्तन और नृत्य किया। अध्यक्ष रेनू छाबड़ा ने कहा कि मंदिर में प्रतिष्ठित माता रानी सब की मुरादें पूरी करती हैं। दूर-दूर से भक्तजन माता रानी की एक झलक पाने के लिए और मां के चरणों पर हाजिरी लगाने के लिए आते हैं। उन्होंने सभी भक्तों को पांचवें नवरात्र की बधाई दी।

# राम-भरत मिलाप देखकर दर्शक हुए भाव विभोर

## श्री रामलीला सभा सुभाषनगर की रामलीला में मंचन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** श्री रामलीला सभा सुभाषनगर की ओर से आयोजित रामलीला में भरत मिलाप, खरदूषण वध आदि लीलाओं का मंचन किया गया। मंचन में दिखाया गया कि निषादराज के आश्रम में भरत को सेना के साथ आता देखकर लक्ष्मण क्रोधित हो जाते हैं कि भरत हमें अकेला समझ युद्ध करने तो नहीं आ रहे हैं। वह यह बात राम को बताते हैं, इस पर रामजी लक्ष्मण को समझाते हैं कि भरत जैसा सुशील भाई किसी का नहीं है। वह ऐसा कर ही नहीं सकता। भरत जी जब रामचंद्र जी के पास आते हैं तो उन्हें मनाने और वापस अयोध्या चलने के लिए बहुत आग्रह करते हैं और मां के द्वारा दी गई आज्ञा के लिए पश्चाताप करते हुए विलाप करते हैं। राम उनसे कहते हैं कि पिता के वचन को पूरा करने किए 14 वर्ष का वनवास पूरा करना होगा। जिसके बाद भरत राम की खड़ाऊं लेकर राज्य करने की बात कहकर वापस चले जाते हैं। इसके बाद शूर्पणखा, खरदूषण वध आदि लीलाओं का मंचन किया। मंचन के दौरान सभा के मंत्री आलोक तायल, अशोक शर्मा, अंकित जौहरी, नितिन जौहरी, दीपक सिंह, अनिल अग्रवाल, विशाल, गौरव, पंकज सिंह, अरविंद माहेश्वरी, सुरेश वर्मा, राकेश कश्यप, अरविंद पटेल, राहुल कश्यप आदि लोग मौजूद रहे।



रामलीला का मंचन करते कलाकार। • अमृत विचार

### उत्तराखंड सांस्कृतिक समाज की रामलीला शुरू

**बरेली अमृत विचार :** उत्तराखंड सांस्कृतिक समाज की रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित 43वां रामलीला महोत्सव की शुरुआत शुक्रवार को मुख्य अतिथि डॉ. स्पर्श पांडे और विशिष्ट अतिथि सभासद शशि सक्सेना ने हवन पूजन कर की। अध्यक्ष गणेश दत्त अमोला ने बताया कि कमेटी पिछले 42 वर्षों से भगवान राम की लीलाओं का मंचन करती आ रही है। इसके बाद कलाकारों ने रावण तपस्या, राम जन्म, ताड़का वध आदि लीलाओं का मंचन किया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष कैलाश चन्द्र पंत, हरिनंदन तिवारी, आरसी पंत, राजेन्द्र पाठक, भुवन चंद्र जोशी, प्रकाश पाठक, उमेश तिवारी, फकीर चंद्र टम्टा, घनश्याम पांडे, मुरारी लाल शाह, किशन पंत, गोपाल पांडे, डीडी बेलवाल आदि मौजूद रहे।

### लक्ष्मण ने राक्षसी शूर्पणखा के काटे नाक-कान



**बरेली, अमृत विचार :** श्री रानी महालक्ष्मी बाई रामलीला समिति की ओर से आयोजित रामलीला में शुक्रवार को शूर्पणखा के नाक-कान काटने, खरदूषण वध आदि लीलाओं का मंचन किया गया। मंचन में दिखाया कि श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण ने दंडक वन के मध्य पंचवटी में अपनी कुटिया बनाई। राक्षसी शूर्पणखा राम और लक्ष्मण को देखकर मोहित होकर उनसे विवाह का प्रस्ताव रखती है। जिसके बाद लक्ष्मण उसकी नाक-कान काटकर उसे दंडित कर देते हैं। जिसके बाद शूर्पणखा के भाई खर और दूषण सेना लेकर पहुंचते हैं। वहां श्रीराम उनका वध कर असुरों का संघार करते हैं। समिति के अध्यक्ष रामगोपाल मिश्रा, उपाध्यक्ष हरीश शुक्ला, घनश्याम मिश्रा, विजय मिश्रा, प्रदीप बाजपेयी, महाप्रबंधक श्रेयांश बाजपेयी, मीडिया प्रभारी शशिकांत गौतम, सह प्रभारी विनोद राजपूत, मेला प्रबंधक यश चौधरी, सह मेला प्रबंधक आकाश गंगवार आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत सुहानी बनी एक दिन की प्रधानाचार्य

**बरेली, अमृत विचार :** मिशन शक्ति 5.0 विशेष अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को राजकीय हाई स्कूल तालगौटियां, क्यारा में कक्षा 10 की छात्रा सुहानी को एक दिन का प्रधानाचार्य बनने का अवसर दिया गया। सुहानी का स्वागत प्रधानाचार्य डॉ. सुभाष चंद्र मौर्य ने तिलक कर किया।

सुहानी ने जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अजीत कुमार से वीडियो कॉल पर वार्ता की। निरीक्षक ने उन्हें भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। सुहानी ने शिक्षक उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर किए और कक्षाओं का निरीक्षण किया। प्रधानाचार्य डॉ. मौर्य ने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान तेजपाल, शिक्षिकाएं पूनम सिंह, राखी और कनिष्ठ सहायक शादाब मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब बरेली साउथ का दशहरा मेला 3 अक्टूबर से




दशहरा मेले के बारे में जानकारी देते रोटरी क्लब के पदाधिकारी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रोटरी क्लब बरेली साउथ की ओर से 39वां दशहरा मेला 3 से 5 अक्टूबर तक बरेली क्लब मेला ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। पूर्व मंडल अध्यक्ष रवि प्रकाश अग्रवाल और मेला निदेशक राजीव अग्रवाल ने बताया कि मेले में 3 अक्टूबर को फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, डांस बरेली डांस, जी टीवी फेम वैशाली विजय, दिव्यांशी पांडे, विशाल प्रकाश और वी रॉकर की बैंड प्रस्तुति, 4 अक्टूबर को वॉइस ऑफ बरेली गायन और बेस्ट कपल प्रतियोगिता, मान सिंह और गोरा सिंह की टीम प्रस्तुति, 5 अक्टूबर को डांस बरेली डांस ग्रुप और प्रतिष्ठित मेला क्वीन प्रतियोगिता, मुंबई की पूजा ठाकरे की टीम प्रस्तुति होगी।

चार्टर अध्यक्ष डॉ. आईएस तोमर ने बताया कि मेले से होने वाली आय जरूरतमंदों और दिव्यांगों की सेवा में लगाई जाएगी। रोटरी पब्लिक स्कूल के माध्यम से ग्रामीण बच्चों को कम शुल्क पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा भी दी जा रही है। पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉ. रवि मेहरा ने कहा कि दिव्यांगजनों को आजीविका के लिए ट्राई साइकिल वितरित की जाएंगी। इस मौके पर क्लब अध्यक्ष संजीव खंडेलवाल, सचिव संजय गर्ग, रोहित जिंदल, घनश्याम खंडेलवाल, नीरज अग्रवाल, चंद्र प्रकाश, संदीप मेहरा, विवेक अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, राजीव बूबना, अनिल अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, वीरेश मित्तल, रोशन अग्रवाल, विशाल अरोरा, प्रदीप मदवार, ध्रुव तिलक, हिमांशु कौशिक, संजय अग्रवाल, डॉ. विनोद पागरानी, संदीप मेहरा, मुकेश गुप्ता, अमरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

- डांस समेत कई प्रतियोगिताएं होंगी, कई स्टार देंगे परफार्मेंस

# रविंद्र नाथ टैगोर एकेडमी ने जीता मैच

**बरेली, अमृत विचार:** रविंद्रनाथ टैगोर कप में शुक्रवार को रविंद्रनाथ टैगोर क्रिकेट अकादमी ने गंगाशील क्रिकेट अकादमी को एकतरफा मुकाबले में 135 रनों से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टैगोर अकादमी ने निर्धारित 30 ओवरों में 214 रन बनाए। टीम की जीत के नायक रहे अंश प्रताप ने ताबड़तोड़ 94 रनों की पारी खेली। आदित्य यादव ने 41 रन का अहम योगदान दिया।

गंगाशील की ओर से भाव ने सर्वाधिक 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गंगाशील क्रिकेट अकादमी की टीम मात्र 79 रनों पर सिमट गई। गंगाशील की ओर से शिवांश ने 31 और अमित ने 15 रन बनाए। रविंद्रनाथ टैगोर की ओर से सोहित पाल और संकेत की गेंदबाजी घातक साबित हुई। मैच में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए सोहित पाल को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। गेम चेंजर का खिताब अंश प्रताप को मिला। मुख्य अतिथि सौरभ मिश्रा ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। टूर्नामेंट सचिव मनीष सिंह ने बताया कि शनिवार को पहला मुकाबला एसएस क्रिकेट अकादमी शाहजहांपुर और रविंद्रनाथ टैगोर क्रिकेट अकादमी के बीच और दूसरा मैच गंगाशील क्रिकेट अकादमी और एसएस कालेज की टीमों के बीच होगा।

# विंडरमेयर की रामलीला की डाक्युमेंट्री की हुई स्क्रीनिंग



विंडरमेयर की रामलीला के बारे में जानकारी देते डॉ. बृजेश्वर सिंह। • अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** नवरात्र पर विंडरमेयर थिएटर में संगीतमयी रामलीला शनिवार से शुरू होगी। रामलीला का मंचन 1 अक्टूबर तक रोजाना शाम 7 बजे किया जाएगा। दया दृष्टि चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. बृजेश्वर सिंह की पहल पर बनी विंडरमेयर की रामलीला डॉक्यूमेंट्री ने चार प्रतिष्ठित फिल्म महोत्सव में बेस्ट शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री का पुरस्कार जीता है।

विंडरमेयर आर्ट्स इंडिया के बैनर तले निर्मित डॉक्युमेंट्री का निर्देशन सिद्धार्थ रावल ने किया है। इसमें संगीतमयी रामलीला की पूरी तैयारियों, कलाकारों की मेहनत, मंचन की चुनौतियों और इसके कलात्मक पक्ष को विस्तार से दिखाया गया है। डॉक्युमेंट्री में वरिष्ठ लेखकों, कला जगत की हस्तियों के अनुभवों को भी शामिल किया गया है। शुक्रवार को विंडरमेयर थिएटर में इस डॉक्युमेंट्री की विशेष स्क्रीनिंग की गई। शुक्रवार को प्रेसवार्ता में डॉ. बृजेश्वर सिंह ने बताया कि इसकी शुरुआत दो साल पहले की गई थी। यह डॉक्युमेंट्री मुंबई के लेकसिटी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, हुकुमपुरा के चंबल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, अयोध्या इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल और मुंबई के यथाकथा इंटरनेशनल फिल्म एंड लिट्रेचर फेस्टिवल में बेस्ट शॉर्ट डॉक्युमेंट्री के पुरस्कार से नवाजी गई। गुवाहाटी के चलचित्र नेशनल फिल्म फेस्टिवल और तमिलनाडु के तामिजागम इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में शामिल हुई और केरल के इंटरनेशनल फोकलोर फिल्म फेस्टिवल में सेमी-फाइनलिस्ट भी बनी। डॉक्युमेंट्री न केवल रामलीला की कलात्मकता को सामने लाती है बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा को भी नई पहचान देती है।

- रामलीला की डॉक्युमेंट्री जीत चुकी है चार अवार्ड, आज से मंचन

## सिटी डायरी

### फ्यूचर यूनिवर्सिटी में बैजिंग सेरेमनी का आयोजन



**बरेली, अमृत विचार :** फ्यूचर यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को बैजिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न क्लबों के छात्रों को प्रेसिडेंट, वाइस प्रेसिडेंट, सेक्रेटरी और ट्रेजरार के पदों पर मनोनीत कर बैज प्रदान किए गए। चांसलर मुकेश गुप्ता, प्रो-चांसलर दीप गुप्ता ने कार्यक्रम की शुरुआत की। विभिन्न क्लबों की गतिविधियों और उनके उद्देश्यों पर प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया, जिसमें स्पोर्ट्स इवेंट्स, मैनेजमेंट, क्रिएटिव, कल्चरल और टेक्निकल क्लब की योजनाएं शामिल थीं। प्रो चांसलर दीप गुप्ता ने छात्रों से कहा कि इन पदों की गरिमा को समझते हुए समाज के लिए कुछ करने की भावना विकसित करनी चाहिए और नेतृत्व कार्यशैली के साथ-साथ इनोवेटिव सोच को बढ़ावा देना चाहिए। प्रो वाइस चांसलर डॉ. पंकज कुमार मिश्रा ने कहा कि विश्वविद्यालय बनने के बाद से तेजस क्लब के तहत सभी क्लबों ने बहुत सराहनीय इवेंट्स आयोजित किए हैं। तेजस ग्रुप की प्रमुख डॉ. शिवांगी घिल्डियाल ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।



### इंटरनोवेटर्स टीम ने जीता हैकाथॉन में प्रथम स्थान

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के बीसीए विभाग में आंतरिक हैकाथॉन 2025 के फाइनल राउंड में 18 टीमों का चयन किया गया। इसमें टीम इंटरनोवेटर्स ने प्रथम, कोर्ड क्राइटर्स ने द्वितीय और सेन्टिनलस ने तृतीय स्थान प्राप्त कयिा। आयोजन देवस्किल टेक कम्युनिटी के संस्थापक बीसीए तृतीय वर्ष के छात्र सोहम शर्मा के तत्वावधान में हुआ। निर्णायक मंडल में बीसीए विभागाध्यक्ष डॉ. रोमा सक्सेना, डॉ. विकसित शर्मा, प्रखर यादव और विवेक सक्सेना शामिल रहे। सभी विद्यार्थियों को आगामी स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के लिए शुभकामनाएं दीं।



### नारायण कॉलेज में 'गूगल बर्थ डे मनाकर प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

**बरेली, अमृत विचार :** पीलीभीत रोड स्थित नारायण कॉलेज में ''गूगल बर्थ डे'' की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को कार्यक्रम हुआ। इसकी शुरुआत मैनेजिंग डायरेक्टर नंदिता देवयानी ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। छात्र-छात्राओं ने गूगल के संबंध में पूरी जानकारी दी। काउंसलर काजल गुप्ता ने पीपीटी के जरिये गूगल की विस्तृत जानकारी दी। छात्र-छात्राओं ने गूगल पर प्ले कर उसके महत्व को समझाया। फिर गूगल के फायदे और नुकसान पर वाद-विवाद प्रतियोगिता की। जिसके पक्ष में असद और विपक्ष में हर्षिता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गूगल रिव्यू प्रतियोगिता में कर्ण सिंह बेस्ट रोल व इंस्टाग्राम के लिए राजू को प्रथम स्थान मिला। मैनेजिंग डायरेक्टर नंदिता देवयानी ने कहा कि शिक्षक भी हमारे लिए गूगल की ही भूमिका अदा करते हैं, वो हमेशा जवाब खोजने और हमें सही दिशा दिखाने में लगे रहते हैं। डायरेक्टर कीर्तिका धोनी और नारायण ग्रुप की कोआर्डिनेटर निशी चौधरी ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजीव जोशी, इल्मा, खुशी, पुष्पलता, सोनाली सक्सेना व मुस्कान का विशेष योगदान रहा। संचालन निष्कर्ष वा मधुर वाजपेयी ने किया।

### एएनए ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया



**बरेली, अमृत विचार :** एएनए ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में वर्ल्ड फार्मेसी दिवस पर सेमिनार का आयोजन हुआ। इसका उद्देश्य फार्मासिस्टों के योगदान को पहचानना, सुरक्षित दवा उपयोग को बढ़ावा देना और स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों को मजबूत करना है। बीफार्मा एवं डी फार्मा के छात्र-छात्राओं ने रंगोली, पेंटिंग, पोस्टर एवं प्रस्तुति के माध्यम से फार्मेसी दिवस का महत्व बताया। वाद-विवाद प्रतियोगिता, नाट्य मंचन एवं रंगारंग कार्यक्रम हुए। छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रमाण-पत्र प्रदान करके सम्मानित किया। मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) शोभना सिंह ने फार्मेसी पाठ्यक्रम को विस्तार से समझाया। डॉ. कौशल कुमार ने कहा कि छात्रों के लिए डिग्री प्राप्त करना ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान अर्जित करना भी जरूरी है। संस्थान के चेयरमैन संजय आनंद और वाइस चेयरमैन राहुल आनंद ने फार्मासिस्ट दिवस की जानकारी दी। निदेशक डॉ. मुस्तकीम अब्दुल्ला ने मुख्य अतिथि प्रो. शोभना सिंह एवं डॉ. कौशल कुमार को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। इंजीनियरिंग निदेशक डॉ. विनीत अग्रवाल, विनीता राज, डॉ. हरिहर प्रसाद राव, डॉ. रुबा नसीम, मंयक प्रकाश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# आनंद आश्रम का विराट वार्षिकोत्सव 3 अक्टूबर से होगा शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** आनंद आश्रम का 66 वां विराट वार्षिकोत्सव एवं संत सम्मेलन 3 अक्टूबर से 6 अक्टूबर तक तक आयोजित किया जाएगा। वार्षिकोत्सव में हरिद्वार, उन्नाव, सीतापुर, रायबरेली, मैनपुरी एवं अन्य स्थानों से संत एवं कथावाचक आएंगे। मंत्री अनिल अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम दो सत्रों में सुबह 8 से 10.30 बजे और शाम 6 से 8.30 बजे तक होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर स्वामी असंगानंद सरस्वती महाराज करेंगे एवं सानिध्य स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज का प्राप्त होगा। दमा की दवा का वितरण 5 एवं 6 अक्टूबर को आश्रम कार्यालय से होगा। आनंद आश्रम के उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, प्रेम शंकर अग्रवाल नर सिंह मोदी, शशि कांत मोदी आदि ने शहरवासियों से उत्सव में शामिल होने का अनुरोध किया है।

# मंडलीय कबड्डी प्रतियोगिता में बरेली अंडर-14 व 19 में विजेता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** विष्णु इंटर कालेज में शुक्रवार को मंडलीय बालक कबड्डी प्रतियोगिता में बरेली ने दो वर्गों में अपना दबदबा कायम किया। जूनियर और सीनियर वर्ग में बरेली, पीलीभीत, बदायूं और शाहजहांपुर की टीमों ने भाग लिया। अंडर- 14 में बरेली विजेता और बदायूं उपविजेता रहा। अंडर-17 में बदायूं विजेता और शाहजहांपुर उपविजेता और अंडर- 19 में बरेली विजेता और बदायूं उपविजेता रहा। विजेता टीमों को प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डीआईओएस डॉ. अजीत कुमार, सुधीर कुमार अग्रवाल, पंकज कुमार, किशोर, आनंद दीक्षित, राजेश यादव, अमित भारद्वाज, गौरव वशिष्ठ, सत्यम मिश्रा, शैलेंद्र कुमार, राहुल कुमार, मनोज गंगवार, जितेन्द्र कुमार, राजीव अग्रवाल, सर्वेश पांडेय, प्रवीण कुमार, संदेश कुमार, प्रदीप कुमार, अजय गुप्ता का सहयोग रहा। क्रीड़ा प्रभारी विजय यादव ने बताया कि सभी चयनित खिलाड़ी प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में बरेली मंडल का प्रतिनिधित्व करेंगे।



बालिका इंटर कॉलेज में कबड्डी प्रतियोगिता में भिड़तीं छात्राएं। • अमृत विचार

- विष्णु इंटर कालेज में प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**अंडर- 14 का फाइनल रहा विवादित :** बरेली और बदायूं के बीच अंडर-14 के फाइनल मैच में टीमों के बीच आखरी समय में विवाद हो गया। आखरी समय में बरेली ने प्वाइंट लेते हुए स्कोर को 18-17 कर दिया। मैच समाप्त होने में कुछ सेकेंड का ही समय बचा था और प्वाइंट होते ही टाइम आउट देने के बाद टाइम ओवर की घोषणा की गई। इस पर बदायूं की टीम और कोच ने विरोध किया। अंत में मैच निर्णायक के फैसले को मानते हुए बरेली को विजेता घोषित किया गया।

### मंडलीय कबड्डी प्रतियोगिता में राज्य के लिए टीम चयनित

**बरेली, अमृत विचार :** राजकीय बालिका इंटर कालेज में शुक्रवार को मंडलीय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता हुई। इसमें जूनियर वर्ग में बदायूं की टीम विजेता और पीलीभीत उपविजेता और सीनियर वर्ग में बरेली की टीम विजेता और बदायूं उपविजेता घोषित की गई। प्रधानाचार्या अनु पाराशरी को कार्यक्रम प्रभारी मधु मौर्य ने कैप पहनाकर प्रतियोगिता शुरू कराई। प्रतियोगिता में अयोध्या में होने वाली स्टेट चैंपियनशिप के लिए अंडर-14, अंडर 17 और अंडर- 19 की टीम का चयन हुआ। इस अवसर पर अमृता जैन, प्रीति गुप्ता, डॉ. अमनजोत, रश्मि यादव, एकता शर्मा व स्वेता शर्मा आदि मौजूद रही।